**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 रविवार** **दिनांक 26.05.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

**1– बेमेतरा जिले की बारूद फैक्ट्री में कल हुए विस्फोट के बाद आज भी जारी रहा बचाव और राहत कार्य–फैक्ट्री में काम करने वाले करीब दस मजदूर अभी भी लापता।**

**2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य सरकार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनरुत्थान के लिए तत्पर है।**

**3– छत्तीसगढ़ के श्रीमंत झा ने उज्बेकिस्तान में आयोजित एशिया पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।**

**4– प्रदेश के मध्य भाग में अगले दो दिनों के दौरान ग्रीष्मलहर चलने की संभावना।**

## बेमेतरा–बारूद विस्फोट

बेमेतरा जिले के पिरदा में स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड फैक्ट्री में कल हुए विस्फोट के बाद आज भी बचाव और राहत कार्य जारी है। प्लांट के भीतर के ख़तरनाक हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने सेना से मदद मांगी है। इस बीच, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने आज बोरसी पहुंचकर बारूद फैक्ट्री में हुए हादसे के संबंध में राहत और बचाव कार्य का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि बेमेतरा जिले के बोरसी गांव में कल विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में रखे बारूद में विस्फोट होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं, छह अन्य लोग घायल हो गए थे। मलबे में अभी भी कुछ मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

## आईईडी विस्फोट–घायल

सुकमा जिले के भीमापुपम गाँव के एक घर में आईईडी ब्लास्ट होने से दो महिलाएं झुलस गई हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार माओवादियों ने एक ग्रामीण के घर पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस–आईईडी रखी थी, तभी इसमें विस्फोट हो गया। आरोप है कि इस आईईडी को सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए रखा गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री–नक्सलवाद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर में नक्सल मोर्चे पर मिली सफलता के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते पांच महीनों में सुरक्षाबलों ने एक सौ बीस माओवादियों ढेर कर दिया है। वहीं, एक सौ तिरपन माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तीन सौ पचहत्तर माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ से माओवाद खत्म हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिले में कल तैंतीस माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनरुत्थान के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नियद नेल्लानार यानी आपका अच्छा गांव योजना शुरू की है, जहां गांव में ही सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित सुरक्षा कैम्प ग्रामीणों के लिए सहायता कैम्प के रूप में काम कर रहे हैं।

## डाक मतपत्र

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत चार जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रदेश में तैयारियां जारी हैं। सभी संसदीय क्षेत्रों में संबंधित जिलों से डाक मतपत्रों को संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी के जिला मुख्यालय में ले आया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि राज्य में पच्चीस मई तक इकतालीस हजार आठ सौ सतहत्तर डाक मतपत्र प्राप्त चुके हैं। इनमें निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मियों से प्राप्त करीब सत्ताईस हजार मतपत्रों के अलावा होम वोटिंग के अंतर्गत पचासी वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं से प्राप्त दो हजार सात सौ इकसठ मतपत्र और दिव्यांग जनों के एक हजार चार सौ तिरपन डाक मतपत्र शामिल हैं।

इन डाक मतपत्रों को जिला मुख्यालय में ट्रेजरी में स्थित स्ट्रांग रूम में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ रखा गया है। चार जून को इन डाक मतपत्रों की गिनती ग्यारह संसदीय क्षेत्रों के मुख्यालय जिलों में सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगी।

**अंतर्राष्ट्रीय शूटर–गिरफ्तार**

रायपुर पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के चार सदस्यों को छत्तीसगढ़ और राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक पिस्तौल और खाली मैगजीन बरामद की गई है। आरोप है कि ये लोग मलेशिया के क्वालालमपुर में रह रहे एक गैंगेस्टर के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के कुछ कारोबारियों को अपना निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार लोगों का संबंध झारखंड के कुख्यात आपराधिक गिरोह से है। पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर करीब बहत्तर घंटे का गोपनीय ऑपरेशन चलाकर तीन आरोपियों को छत्तीसगढ़ से और एक आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है।

**तहसीलदार–एफ.आई.आर.**

जांजगीर–चाम्पा पुलिस ने जमीन की धोखाधड़ी के मामले में छह राजस्व अधिकारियों सहित दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिन अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, उनमें दो तहसीलदार, एक उपपंजीयक और तीन पटवारी शामिल हैं।

यह मामला चाम्पा तहसील के कुरदा गांव का है, जहां एक व्यक्ति ने पन्द्रह डिसमिल जमीन को जमीन मालिक का सरनेम बदलकर अधिकारियों और पटवारी की मिलीभगत से वर्ष दो हजार सत्रह में फर्जी ऋण पुस्तिका बनवा कर बेच दिया। इस पर जमीन मालिक ने चाम्पा के कोर्ट में परिवाद दायर किया था, जिसके बाद कोर्ट ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश पर चाम्पा पुलिस ने तत्कालीन तहसीलदार डीएस उइके, सरस्वती बंजारे, उपपंजीयक विजय कुमार, पटवारी अरविंद साहू, युवराज पटेल और भूषण मरकाम सहित दस लोगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की है।

**ठगी आरोपी–गिरफ्तार**

सक्ती पुलिस ने शेयर मार्केट में रुपये लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक व्यक्ति को खरसिया से गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार इन आरोपियों ने एक सेंटर संचालक से लगभग पांच लाख रुपये की ठगी की है। पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया, जहां से इन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस मामले का एक अन्य आरोपी फरार बताया जा रहा है।

इस बीच, बिलासपुर पुलिस ने साइबर फ्राड करने में उपयोग में लाए गए दो हजार से अधिक संदिग्ध बैंक खातों की पहचान कर करीब सोलह करोड़ रूपए से अधिक की रकम होल्ड करवाई है। जिले के साइबर सेल के अधिकारी एडिशनल एसपी अनुज कुमार ने बताया कि साइबर फ्राड के लिए इस्तेमाल किए गए करीब चौदह सौ सिम कार्ड को भी ब्लॉक करवाया गया है।

**मौसम**

छत्तीसगढ़ के मध्य भाग में आने वाले दो दिनों के दौरान ग्रीष्म लहर चलने की आशंका है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा के अनुसार प्रदेश में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

इस बीच, चक्रवात रिमाल उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर से उत्तर दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके असर से छत्तीसगढ़ के ओडिशा राज्य की सीमा से लगे जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान बादल छाए रह सकते हैं और हल्की वर्षा भी हो सकती है। लेकिन राज्य के अन्य इलाकों खासतौर से मध्य छत्तीसगढ़ में उनतीस मई तक लू चलने की संभावना बनी हुई है।

**संक्षिप्त समाचार**

– धमतरी जिले के दुगली बिरनपारा गांव में एक घर की बाड़ी में लगभग तीन वर्षीय मादा तेंदुए का शव मिला है। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तेंदुए के शव को कब्जे में लिया। वन विभाग ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

– रायपुर रेलवे स्टेशन से आरपीएफ की टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से दस किलो गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब दो लाख रूपए बताई गई है।

– महासमुंद जिले के झलप के पास तेंदूपत्ते से भरे एक पिकअप वाहन में आग लग गई। इस घटना में वाहन पूरी तरह से जल गया। वाहन चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>